बरेली, मंगलवार
31 मार्च, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ [illegible]
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 03, MIDDLE

एसआरएमएस सीईटी में दो अप्रैल से शुरू होगा तीन दिवसीय हैकाथॉन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (30 March): पिछले संस्करणों की भव्य सफलता के बाद श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) की ओर से इस वर्ष भी HACKATHON 4-0 का आयोजन किया जा रहा है. 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित यह तीन दिवसीय आयोजन "Innovate for Impact: Tech Solutions for Advancing SDGs" थीम पर आधारित है. यह जानकारी श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) के प्रिंसिपल एवं हैकाथॉन 4.0 के इवेंट डायरेक्टर डा. प्रभाकर गुप्ता ने दी., जहां युवा संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के अनुरूप प्रभावी तकनीकी समाधान विकसित करते हैं और अपने विचारों को प्रोटोटाइप और समाधान में परिवर्तित करते हैं. सतत विकास, स्वास्थ्य, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने वाले हैकाथान 4.0 में विजेता टीमों को एक लाख रुपये का पुरस्कार जीतने का भी मौका मिलता है. दो अप्रैल 2026 को आरंभ होने वाले हैकाथॉन 4.0 का औपचारिक शुभारंभ पहली जनवरी 2026 को किया गया था, जिसके बाद देश के विभिन्न हिस्सों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई. कुल 123 नवाचारी विचार (आइडिया) तमिलनाडु, हैदराबाद, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली-एनसीआर सहित विभिन्न राज्यों के कोयंबटूर, इरोड, हैदराबाद, जबलपुर, हरिद्वार, हल्द्वानी, ग्रेटर नोएडा, लखनऊ, मुरादाबाद और बरेली शहरों में संचालित इंजीनियरिंग कॉलेजों की टीमों से प्राप्त हुए.